# चोरी और नकबजनी की वारदातों का खुलासा

## हिस्ट्रीशीटर अज्जू कोष्ठा सहित 6 आरोपी गिरफ्तार; 25 लाख रुपये के जेवरात, नकदी और दोपहिया वाहन बरामद

**सिवनी नवभारत। कोतवाली पुलिस ने शहर में हुई चोरी और नकबजनी की छह अलग-अलग वारदातों का सफल खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर अज्जू उर्फ अजय कोष्ठा सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 25 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, दोपहिया वाहन तथा अन्य चोरी का सामान बरामद किया गया है।**

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और लगातार



निगरानी के आधार पर सभी मामलों का खुलासा किया।

जांच के दौरान वर्ष 2025 में भैरोगंज क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में शुभम जैन और संदेश सोनकेशरिया को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि चोरी के जेवर आईआईएफएल बैंक में गिरवी रखकर गोल्ड लोन लिया गया था। पुलिस ने बैंक से करीब 10 लाख रुपये के सोने के जेवर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों से शेष चोरी का माल और चोरी के पैसों से खरीदी गई कार के संबंध में पूछताछ जारी है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने जबलपुर निवासी महेंद्र उर्फ पिल्लई और सूरज डमार को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर, नकदी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की। वहीं भैरोगंज में हुई हालिया चोरी के मामले में अतिन हेडाउ को गिरफ्तार कर मोबाइल,



पावर बैंक, चार्जर, नकदी तथा सुजुकी एक्सेस स्कूटी बरामद की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया है। दो आरोपियों से पुलिस रिमांड पर पूछताछ कर शेष चोरी का माल बरामद करने की कार्रवाई जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक डी.सी. ग्यारसिया, सहायक उप निरीक्षक जगमोहन अधिकारी, जसवंत सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक नवीन तिवारी, आरक्षक मनोज पाल, मुकेश गोंडाने, प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, संतोष साहू, दिलीप उइके, चेतन शमो तथा चालक आरक्षक मानू डहेरिया की विशेष भूमिका रही।

**अपराधिक मामले है दर्ज**

वर्ष 2026 में गांधी वार्ड, सूफीनगर और नए मोहल्ला क्षेत्र में हुई तीन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अज्जू उर्फ अजय कोष्ठा और उसके रिश्तेदार राजकुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। अज्जू कोष्ठा के विरुद्ध पहले से चोरी, नकबजनी सहित 26 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा उसकी हिस्ट्रीशीट वर्ष 2012 से खुली हुई है। दोनों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को हुई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**सिवनी नवभारत।** जिला सिवनी के घंसोर थाना का जघन्य सनसनी खेज का यह मामला दिनांक 24/062/2022 के रात्रि लगभग 09 बजे का है। पीड़िता उक्त दिनांक को 04 बजे अपने ग्राम से काम एवम दवाई लेने घंसौर आई थी, पीड़िता को देर हो गई थी साधन नही मिलने से रात्रि के लगभग 09 बजे घर जाने के लिए पहाड़ी चौक के होटल के पास साधन देख रही थी। तभी उस समय उक्त होटल से आरोपी सोनू ऊईके पिता बदामीलाल उईके, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम बज्जरवाडा, थाना बावई जिला नर्मदापुरम, तथा आमिर खान पिता अली मोहम्मद, उम्र करीब 36 वर्ष, निवासी दातला मजदीद के पास जुनारदेव, थाना जुनार देव, जिला छिंदवाड़ा के खाना खाकर निकले और पीड़िता को बोले की हम लोग तुम्हे तुम्हारे गांव छोड़ देगे, डरने की कोई बात नही और अपने ट्रक क्रमांक स्क्क 09/ ।।त्न /1225 के पास लेकर गए और जबरदस्ती हाथ पकड़कर और धकेल कर ट्रक में चढ़ा दिया और ट्रक को चालू करके मंडला रोड तरफ ट्रक को ले गए, चलते ट्रक में आरोपी आमिर खान ने पीड़िता के साथ जबदस्ती बलात्कार किया। जब ट्रक टोल नाके पर पहुंचा और रुका तो पीड़िता ने टोल नाका वालो को बचाओ के लिए चिल्लाई तो, टोल नाका में उक्त ट्रक के आरोपी चालक और कंडक्टर कूद कर भाग गए। टोल के कर्मचारियों ने पीड़िता को बचाया और पुलिस को सूचना दिया। थाना घंसौर से उप निरीक्षक अंकिता जैन के द्वारा पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना दौरान ट्रक को जब्त किया और दिनांक 07/07/2022 को आरोपी सोनू ऊईके को गिरफ्तार किया और दिनांक 16/08/2022 को आमिर खान को गिरफ्तार किया और अन्वेषण पूर्ण पश्चात माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसकी सुनवाई



माननीय विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी एक्ट सिवनी, श्रीमान गालिब रसूल की न्यायालय में की गई जिसमे शासन की ओर से एडीपीओ लोकेश घोरमारे और तथा एडीपीओ ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा गवाहों और सबूतों को पेश किया और प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। सुनवाई के दौरान आरोपी सोनू ऊईके फरार हो गया, जिसके संबध में स्थाई गिरफ्तार वारंट जारी है, उसके गिरफ्तार होने पर उसके संबध में विचारण किया जायेगा और निर्णय दिया जायेगा। आरोपी आमिर खान के विरूद्ध सुनवाई पूर्ण होने पर, माननीय विद्वान न्यायालय द्वारा आरोपी आमिर खान को धारा= 342 भादवि में =6 में माह का, धारा =366/34 भा0द0वी0 में= 05 वर्ष का, एवम धारा =376 (डी) भा0द0वी0 में =20 वर्ष के कठोर से दंडित करने का निर्णय आज दिनांक को सुनाया है।

## एक नजर में

### 08 वाहनों पर कार्रवाई

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में जिले में विद्यार्थियों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा निजी विद्यालयों के स्कूली वाहनों का विशेष जांच अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक निजी विद्यालयों द्वारा संचालित 83 स्कूल बसों का सघन निरीक्षण किया जा चुका है। अतिरिक्त परिवहन अधिकारी सिवनी से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच अभियान के दौरान सिवनी के पोद्दार स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, रॉयल एंड एल्को स्कूल, उदय पब्लिक स्कूल एवं अरुणाचल पब्लिक स्कूल, पलारी के ज्ञान सागर अनुराग स्कूल, केवलारी के सेंट नॉरबर्ट स्कूल एवं दीप ज्योति पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों की स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन एवं परिवहन विभाग के निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप वाहनों की फिटनेस, वैध परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, सीसीटीवी, आपातकालीन निकास, चालक-परिचालक के दस्तावेज तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय संचालकों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान अन्य वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों से कुल 30 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

### कलेक्टर ने किया ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना ने शुक्रवार को ईव्हीएम वेयर हाउस बींझावाड़ा का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस में सुरक्षित रखी ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयर हाउस में निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण किया जाए।

# नशे के खिलाफ कुरई पुलिस का जनजागरण अभियान

**कुरई नवभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना कुरई पुलिस ने बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बादलपार एवं सांदीपनी विद्यालय सूकतरा में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में एसडीओपी बरघाट ललित कठरे एवं थाना प्रभारी कुरई कृपाल सिंह टेकाम




सहित थाना कुरई के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवा यदि नशे से दूर रहेंगे तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और वे समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

इस दौरान विद्यार्थियों को नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत में फंसा हो या अवैध नशे का कारोबार करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# विधायक ने उठाई ऑनलाइन परीक्षा केंद्र की मांग, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**सिवनी नवभारत।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा सत्र के दौरान शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सिवनी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा केंद्र पुनः प्रारंभ किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जबलपुर, नागपुर सहित अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और आवागमन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

विधायक ने सदन में कहा कि परिवहन सुविधाओं की कमी के



कारण कई बार परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच पाते और परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसका सबसे अधिक असर छात्राओं पर पड़ता है। उन्होंने शासन से मांग की कि सिवनी के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में जल्द से जल्द ऑनलाइन परीक्षा केंद्र स्वीकृत कर शुरू किया जाए, ताकि जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही परीक्षा की सुविधा मिल सके।

इधर शुक्रवार को विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्राम खैरीटेक पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल यादव परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने लोकेश यादव के निवास पर पहुंचकर नाले के तेज बहाव में बह जाने से चार वर्षीय ऋषि यादव के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि मासूम ऋषि का इस तरह असमय निधन अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए अपनी ओर से आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात भी कही। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व गांव के पास स्थित नाले में तेज बहाव के दौरान ऋषि उसकी चपेट में आ गया था।

### 456 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिवनी नवभारत।** जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 24 जुलाई 2026 तक जिले में 456.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 24 जुलाई को जिले में 3.3 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

# मुद्दा उठा तो जागी नगर पालिका, संजय वार्ड के सामुदायिक भवन में हुई सफाई

**सिवनी नवभारत।** शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। बारिश के मौसम में जहां शहर के प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई, नालियों की सफाई और गंदगी हटाने की आवश्यकता होती है, वहीं कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका का रवैया बेहद सुस्त नजर आता है। इसी लापरवाही का एक उदाहरण संजय वार्ड के सामुदायिक भवन परिसर में देखने को मिला, जहां लंबे समय से सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई थी।

संजय वार्ड के आम नागरिक और शफीक खान द्वारा सामुदायिक भवन सहित वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार आवाज उठाई गई। गंदगी और अव्यवस्था



का मुद्दा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद आखिरकार नगर पालिका परिषद सिवनी की नींद खुली और नगर पालिका का अमला सफाई टीम के साथ मौके पर पहुंचा।

नगर पालिका की टीम द्वारा सामुदायिक भवन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया और जमा गंदगी को हटाया गया। सफाई होने के बाद क्षेत्र के नागरिकों ने राहत की सांस ली, लेकिन इस कार्रवाई के साथ ही नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल भी खड़े हो गए हैं। सवाल यह है कि क्या हर समस्या के लिए आवाज उठाना जरूरी है?

# सिवनी में ग्रामीण आजीविका मिशन की गतिविधियों का हुआ गहन निरीक्षण



**छपारा नवभारत।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक ओमप्रकाश बेदुआ ने 23 जुलाई को सिवनी जिले के लखनादौन एवं छपारा विकासखंड का सघन भ्रमण कर मिशन की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान सामुदायिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण केंद्रों, आजीविका इकाइयों तथा लखपति दीदी पहल की प्रगति का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान लखनादौन विकासखंड के ग्राम पहाड़ी स्थित मशरूम उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया गया। यहां मशरूम एवं उससे तैयार किए जा रहे मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे पापड़ और अचार का अवलोकन कर इनके व्यापक प्रचार-प्रसार तथा राज्य और जिला स्तरीय मेलों में विपणन बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद छपारा स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां पुस्तकालय, उत्पाद गैलरी, मां का आंचल फीडिंग रूम, प्रशिक्षण कक्ष एवं भोजन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए केंद्र की सराहना की गई। साथ ही अन्य विभागों के समन्वय से नियमित प्रशिक्षण एवं बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए, ताकि महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो सके। अधिकारियों ने लोक अधिकार केंद्र छपारा का भी निरीक्षण किया, जहां शासकीय सेवाओं की उपलब्धता, शिकायत निवारण प्रक्रिया एवं अभिलेख संधारण की समीक्षा की गई।

ग्राम सरंडिया में दिशा आजीविका स्व-सहायता समूह की दोना-पत्तल निर्माण इकाई का अवलोकन कर उत्पादन, विपणन और उद्यम विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। वहीं ग्राम पंचायत गौरखपुर में आयोजित ग्राम संगठन बैठक में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं लखपति दीदियों से संवाद कर उनके अनुभव सुने गए तथा चयनित लखपति दीदियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी, जिला लेखापाल संदीप राय सहित मिशन के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी, सीआरपी तथा बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जनजाति कार्य विभाग में सदस्य बने संजय उइके

**उगली नवभारत।** सिवनी कलेक्टर ने जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की घोषणा की है जिसमें उगली क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता भारतीय जनता के पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सिवनी भाई संजय उइके को सदस्य नियुक्त किया गया है, निश्चित ही उगली क्षेत्र एक युवा आदिवासी की इस नियुक्ति से जनजाति समाज कार्य, शासन की योजनाओं को समाज के जन जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी, संजय उइके की नियुक्ति उगली क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है संजय उइके के शुभ चिंतकों मित्रों ने उन्हें फोन, सोशल मीडिया के अन्य प्लेट फॉर्म के माध्यमों से अपनी ओर से शुभकामनाएं दी है, जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश में कलेक्टर



सिवनी अध्यक्ष, सहित पुलिस अधीक्षक सिवनी सदस्य, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य सिवनी, दोनों सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सदस्य, भारती पारधी सदस्य, चारों विधायक सदस्य सहित अन्य भाजपा नेताओं को भी सदस्य नियुक्त किया गया है, सदस्य के रूप में संजय उइके की नियुक्ति से निश्चित ही उगली क्षेत्र के जनजाति समाज सहित अन्य समाज में भी बेहद हर्ष व्याप्त है संजय उइके अपने व्यवहार और सरलता के कारण सभी समाज और जन जन में बहुत लोकप्रिय है उनका मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल सभी ने देखा है संगठन के प्रति समर्पण निष्ठा उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। उनके मंडल अध्यक्ष कार्यकाल में उनके कार्य की सराहना भोपाल की बैठक में तक होती थी निश्चित ही बहुत लाभ उनकी इस नियुक्ति पर मिलने वाला है।

# कान्हीवाड़ा थाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है, जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना कान्हीवाड़ा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। सभी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार, खेल तथा सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कान्हीवाड़ा थाना स्टाफ, कोटवार




एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

अंत में थाना कान्हीवाड़ा पुलिस ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास किसी प्रकार के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अंकिता जैन, सरपंच लता शिवपुरी गोस्वामी, सहायक उपनिरीक्षक जयदीप सिंह सेंगर, संजय यादव, ब्रह्माकुमारी संस्था से मोनिका दीदी, जनपद सदस्य बबलेश ठाकुर, पत्रकार संतोष बंदेवार, देवेन्द्र ठाकुर, विशाल साहू सहित आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, कान्हीवाड़ा थाना स्टाफ, कोटवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन।

**बदहाली** — लड़ैयया टोला आज भी पक्की सड़क से वंचित, सिवनीङ्कबरघाट मार्ग पर शोल्डर नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा

# बरघाट क्षेत्र में सड़क व्यवस्था बदहाल, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**सिवनी नवभारत।** बरघाट विकासखंड में सड़क निर्माण और रखरखाव की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों के साथ-साथ रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर ग्राम पंचायत बम्होड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेलुआ के लड़ैयया टोला तक आजादी के लगभग सात दशक बाद भी मात्र आधा किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, वहीं दूसरी ओर सिवनीङ्कबरघाट मुख्य मार्ग पर शोल्डर नहीं होने और सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम में दोनों समस्याएं और गंभीर रूप ले लेती हैं।

ग्राम सेलुआ के लड़ैयया टोला में प्राथमिक शाला



संचालित है तथा यहां अधिकांश परिवार मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। मुख्य सड़क से टोले तक पहुंचने के लिए लगभग आधा किलोमीटर का रास्ता आज भी कच्चा है। बारिश होने पर यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं और बुजुर्गों तथा महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों के अनुसार यदि गांव में कोई व्यक्ति अचानक बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल तक पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं होता। कई बार लोगों को मरीजों को कंधों या अन्य वैकल्पिक साधनों से मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि गांव में पहुंचकर विकास के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इस क्षेत्र की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। इधर, सिवनी-बरघाट का लगभग 21 किलोमीटर लंबा मुख्य मार्ग भी अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। यह मार्ग दोनों विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बसें, ट्रक, निजी वाहन और दोपहिया वाहन चलते हैं। सड़क के दोनों ओर शोल्डर नहीं होने के कारण बड़े वाहनों की क्रॉसिंग के समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

**कोई ठोस कार्यवाही नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग निर्माण के लिए कई बार ग्राम पंचायत के माध्यम से जनपद पंचायत बरघाट को प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का मानना है कि कम आबादी होने के कारण इस मार्ग को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, जबकि सड़क प्रत्येक नागरिक की मूलभूत आवश्यकता है। गांव के प्रवेश द्वार पर प्राचीन एवं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हनुमान मंदिर भी स्थित है। दूर-दूर से लोग यहां दर्शन करने आते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण उन्हें भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मनरेगा के तहत कच्ची सड़क निर्माण का सूचना-पट्ट तो लगाया गया, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका। ग्राम पंचायत के सरपंच रामनाथ हनुमंत ने बताया कि पंचायत की ओर से कई बार प्रस्ताव बनाकर जनपद पंचायत को भेजे गए हैं, लेकिन किसी कारणवश स्वीकृति नहीं मिल सकी।

# पीएसीएल का राष्ट्रीय कार्यकारिणी विकास प्रशिक्षण आज व कल

**निवेशकों के हितों और भुगतान की मांग को लेकर भी बनेगी रणनीति**

**सिवनी नवभारत।** ऑल इन्वेस्टर सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (AISO) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय कार्यकारिणी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 25 एवं 26 जुलाई 2026 को मां शारदा विद्या मंदिर, महादेव घाट, रायपुर (छत्तीसगढ़) में किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत करना, कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना तथा निवेशकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर संगठनात्मक स्तर पर प्रभावी रणनीति तैयार करना है।

आयोजकों के अनुसार, 25 जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राष्ट्रीय कमेटी एवं प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं 26 जुलाई रविवार को राष्ट्रीय कमेटी के




AISO

नेतृत्व में स्टेट लेवल छत्तीसगढ़ के सभी जिला एवं ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों को बेहतर कार्यप्रणाली, संगठन विस्तार और निवेशकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। संगठन का कहना है कि निवेशकों के हितों की लड़ाई को मजबूती देने के लिए संगठनात्मक एकजुटता और कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में शामिल होने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित नेशनल टीम के शीर्ष नेतृत्व का गरम जोशी के साथ रेलवे स्टेशन रायपुर में फूल माला अर्पण कर संगठन के नारों के साथ स्वागत वंदन किया गया।